समाचार

स्वच्छ सर्वेक्षण 2018

आयुक्त की अगुवाई में चलाया गया वृहद स्वच्छता अभियान

(आयुक्त श्री रणबी शर्मा एवं निगम के अधिकारी कर्मचारियों तथा प्रेरणा स्वयंसेवी संस्था के सदस्यों ने किया साफ–सफाई कार्य)

कोरबा 09 दिसम्बर 2017–आयुक्त श्री रणबीर शर्मा की अगुवाई में आज निगम द्वारा वृहद स्वच्छता अभियान चलाया गया, चौपाटी, घंटाघर, बुधवारी बाजार, सरस्वती शिशु मंदिर, व्ही.आई.पी.रोड होकर साकेत भवन तक चलाए गए इस स्वच्छता अभियान में आयुक्त श्री रणबीर शर्मा सहित निगम के अधिकारी कर्मचारियों व प्रेरणा स्वयंसेवी संस्था के सदस्यों ने विशेष साफ–सफाई कार्य किया।

यहां उल्लेखनीय है कि 04 जनवरी 2018 से स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत देश के सभी 4041 शहरों में स्वच्छ सर्वेक्षण का कार्य कराया जाना हैं। छत्तीसगढ़ राज्य के सभी छोटे–बड़े शहरों के साथ कोरबा शहर भी इस स्वच्छ सर्वेक्षण में शमिल हैं, नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण की पूर्व की तैयारियों पर व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है, शहर को साफ–सुथरा रखने हेतु जनजागरूकता लाने एवं सफाई कार्यो में आमनागरिकों को जोड़ने, उनकी सहभागिता व सहयोग प्राप्त करने के निरंतर प्रयास जारी हैं, ताकि स्वच्छसर्वेक्षण केदौरान कोरबा शहर को बेहतर रैंकिंग प्राप्त हो तथा प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानजनक स्थान मिले। इसी कड़ी में आज आयुक्त श्री रणबीर शर्मा की अगुवाई में घंटाघर स्थित चौपाटी से प्रारंभ कर घंटाघर बुधवारी मुख्य मार्ग, बुधवारी बाजार, जैन मंदिर चौक, सरस्वती स्कूल, व्ही.आई.पी.रोड, पथर्रीपारा, सी.एस.ई.बी. कालोनी मुख्य मार्ग होकर तानसेन चौक साकेत भवन तक वृहद स्वच्छता अभियान प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित किया गया। आयुक्त श्री शर्मा ने स्वयं 03 घंटे तक

उक्त समूचे मार्ग में सफाई का कार्य किया तथा निगम के अधिकारी कर्मचारियों व स्वयंसेवी संस्था '' प्रेरणा '' के सदस्यों का मार्गदर्शन करते हुए सफाई का कार्य करवाया। अभियान में निगम के मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, अधीक्षण अभियंता भागीरथ वर्मा, कार्यपालन अभियंता एन.उपाध्याय, स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, राजस्व अधिकारी बी.पी.त्रिवेदी, निगम सचिव पवन वर्मा, सहायक अभियंता के.पी.दहायत, डी.सी.सोनकर, भूषण उरांव, तपन तिवारी, प्रकाश चन्द्रा, राकेश मसीह, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक कमलेश रात्रे, सुनील वर्मा, विपिन मिश्रा, संजीव बोपापुरकर, योगेन्द्र देवांगन ,रूचि साहू, अंजुला अनंत, अंजूलता, संकेत शर्मा, पीयूष राजपूत, यशंवत जोगी, अरूण बघेल, रामप्रसाद मिर्री, पुखराज यादव, रामखिलावन साहू सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने साफ–सफाई का कार्य किया।

स्वच्छता एप डाउनलोड कराया गया– आयुक्त श्री रणबीर शर्मा के मार्गदर्शन में चलाए गए स्वच्छता अभियान के दौरान आमनागरिकों, व्यवसायीगणों तथा स्वच्छता अभियान में शामिल लोगों के मोबाईल में स्वच्छता एप डाउनलोड कराया गया, निगम के आई.टी.विभाग के अधिकारी कर्मचारियों एवं अभियंताओं ने उनके मोबाईल में स्वच्छता एप डाउनलोड कराया तथा एप के माध्यम से शिकायतों को भेजने व फीडबेक देने का आग्रह किया।

'' प्रेरणा '' स्वयंसेवी संस्था का रहा योगदान– आज चलाए गए स्वच्छता अभियान के दौरान '' प्रेरणा स्वयंसेवी संस्था के मुखिया एवं पार्षद जितेन्द्र राजा गुप्ता के साथ संस्था के सदस्यों बी.के. वर्मा, मंगल सिंह, संनतन पाटले, महेन्द्र देवांगन, युनूस खान, मो.तबरेज, राहूल श्रीवास, जयकुमार, हरी चौहान, रज्जाक खान आदि ने साफ–सफाई कार्यो में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।

15 दुकानों पर 12500 रू. का लगा अर्थदण्ड– आज निगम के राजस्व व स्वच्छता विभाग के अमले ने घंटाघर बुधवारी मुख्य मार्ग में, बुधवारी बाजार, व्ही.आई.पी. रोड में स्थित दुकानों, प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के दौरान दुकानों का कचरा सड़क पर फेंकने, दुकानों में डस्टबिन न रखने, कच्चे कोयले का ईंधन के रूप में उपयोग करने, प्रतिबंधित पालीथिन बैग का उपयोग करने आदि प्रकरणों पर 15 दुकानों, प्रतिष्ठानों में 12500 रूपये का अर्थदण्ड लगाया गया, जिनको अर्थदण्ड लगा, उनमें इमरान ब्रायलर मेन रोड बुधवारी 1000 रूपये, सत्या आटो मेन रोड बुधवारी 1000 रूपये, शर्मा पान भण्डार गजानंन साई मंदिर के पास 200 रूपये, देवभोग मिल्क पार्लर मेन रोड बुधवारी 500 रूपये, देवप्रसाद पानभण्डार बुधवारी बाजार 500 रूपये, देवांगन पान भण्डार बुधवारी बाजार 500 रूपये, रमेश कुमार साहू थोक सब्जी विक्रेता 1000 रूपये, साहू पान दुकान बुधवारी बाजार 200 रूपये, दीप्ति मेहरा जलपान गृह 500 रूपये, पवन पान सेंटर बुधवारी बाजार 1000 रूपये, भास्कर महराज फल दुकान बुधवारी बाजार 2000 रूपये, व्ही.आई.पी. रोड स्थित राजू खान पान दुकान 100 रूपये, विशाल डेयरी 1000 रूपये, मंगल जनरल स्टोर 1000 रूपये, सांई डेयरी 2000 रूपये आदि शामिल हैं।